एकीकृत बाल विकास सेवा योजना, इंदौर संभाग, इंदौर

संभागीय सबला सम्मेलन

6 मई, 2016

प्रशस्ति-पत्र

माननीय श्री वरुण कपूर जी,

राष्ट्र अस्मिता का रक्षण तब ही सम्भव है, जब राष्ट्र में नारी अस्मिता का रक्षण हो।
शास्त्रोक्त सूक्ति है - **''यत्र नार्यस्तु पुज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता'**।
समाज को इसी दिशा में अग्रसर करने हेतु आपका प्रयास प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय है।

वर्तमान परिस्थितियों में जहाँ संचार क्रान्ति अपने चरमोत्कर्ष पर है, वहीं इन
आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ समाज में इस क्रान्ति के कारण
महिलाओं से संबंधित अपराधों में भी उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है।
इन अपराधों को नियन्त्रित करने व महिलाओं को संचार क्रान्ति से उपजने वाले
खतरों से बचाने हेतु आपका
''साईबर एज्युकेशन, क्राईम एण्ड कन्ट्रोल''
का यह अभिनव प्रयास निश्चित ही समाजोपयोगी है।

विभाग द्वारा किशोरियों के लिए आयोजित संभागीय सबला सम्मेलन में आपके द्वारा
''साईबर क्राईम कन्ट्रोल'' पर प्रस्तुत व्याख्यान एवं पॉवर पाईन्ट प्रस्तुति, बालिकाओं
को भविष्य में संचार क्रान्ति से जनित अपराधों से निश्चित ही संरक्षित करेगी।
नारी शक्ति के कानूनी संरक्षण के इस अनुकरणीय प्रयासों के लिए विभाग की ओर से
आपको हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ।

S. Vyas

डॉ. संध्या व्यास
संयुक्त संचालक
एकीकृत बाल विकास सेवा, इंदौर संभाग, इंदौर